रॉंची
08/06/2015

ICFAI UNIVERSITY JHARKHAND

The Institute of Chartered Financial Analysts of India University, Jharkhand

## इक्फाई वि वि झारखण्ड में बीटेक एंव एमबीए के छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

इक्फाई वि वि झारखण्ड के अंतिम वर्ष के एमबीए तथा बीटेक प्रोग्राम के छात्रों को अच्छे कैंपस प्लेसमेंट ऑफर पाने में कामयाब रहे हैं। जबकि अभी तक उद्योग जगत मंदी से उबर नहीं पाया है। वि वि के एमबीए अंतिम वर्ष के छात्र श्री शक्ति मलाधार को रिलायंस कम्युनिकेशन में सेल्स विभाग में 4 लाख प्रति वर्ष का ऑफर मिला है। श्री निखिल साहु, बीटेक अंतिम वर्ष को नेट सॅक्स टेक्नोलॉजीज से सी ए डी इंजीनियर के रूप में प्रस्ताव मिला है। वि वि कैंपस प्लेसमेंट के लिए एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पीयरसन ग्रुप, एसोन्चेम, लेपो लिन्क तोयोटा, डालोन फुड्स जैसे प्रमुख कंपनियाँ आयी हैं।

कैंपस प्लेसमेंट पर खुशी जाहिर करते हुए वि वि के कुलपति प्रो० ओ आर एस राव ने कहा कि वि वि के सभी पाठ्यक्रमों में उद्योग इंटर्नशिप और सॉफ्ट-स्किल प्रशिक्षण में शामिल है। इससे छात्रों में प्रेक्टिकल कौशल तथा व्यक्तित्व विकास होता है जो कि कैंपस प्लेसमेन्ट में काफी मदद करता है। वि वि एसोसिएट डीन प्रो० मदन प्रसाद ने कहा कि वि वि अपने छात्रों को कैरियर योजना बनाने में मदद करता है। जिससे वे अपनी पसंद की नौकरियाँ चुन सकते हैं। वि वि के प्लेसमेन्ट प्रभारी प्रो० सुमित सिन्हा ने कहा कि हम उद्योग जगत के साथ गहन बातचीत के द्वारा बीटेक के छात्रों को कोर इंजीनियरिंग जॉब दिलाने में सफल रहे हैं।

//

Campus : 2065, Daladali Chowk, Simalia, Near Kathal Mode, Ranchi-834 005, Tel: 0651-2100254.
City Office: 2167/A, Opp IDBI Bank, Ashok Nagar, Ranchi-834 002, Tel: 0651-2245178 ,2240470, 092040-62414.